भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5391

बुधवार, दिनांक 25 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>हरित हाइड्रोजन के उत्पादन की लागत</u>

5391. डॉ. शर्मिला सरकारः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत से लेकर अब तक इसके अंतर्गत आवंटित की गई निधियों और उपयोग का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) हरित हाइड्रोजन के लक्षित उत्पादन और इस योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक के वास्तविक उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) हरित हाइड्रोजन के उत्पादन की लागत (रु./किग्रा) कितनी है और सौर और पवन ऊर्जा के उत्पादन की लागत (रु./किग्रा) कितनी है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) एवं (ख): भारत सरकार, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) का कार्यान्वयन कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और उसके डेरिवेटिवों के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक हब बनाना है। वर्ष 2030 तक भारत की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता 5 मिलियन मीट्रिक टन पहुंचने की संभावना है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फरवरी 2026 तक भारत में लगभग 8000 टन प्रति वर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता चालू की गई है।

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत निधियों के आवंटन और उपयोग का विवरण निम्नानुसार है:

	निधि आवंटन (करोड़ रु.) **(संशोधित अनुमान)**	**उपयोग** **(करोड़ रु.)**
वित्त वर्ष 2023 - 24	100	0.11
वित्त वर्ष 2024 - 25	300	46.26
वित्त वर्ष 2025 - 26 (19 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार)	300	203.75

(ग) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत, प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन की निर्धारित लागत इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड की रिफाइनरी को आपूर्ति के लिए 397 रुपये प्रति किलोग्राम (18% जीएसटी सहित) और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की रिफाइनरियों को आपूर्ति के लिए 387 रुपये प्रति किलोग्राम (18% जीएसटी सहित) है।

"इलेक्ट्रोलाइज़र्स फॉर हाइड्रोजन प्रोडक्शन" शीर्षक से विश्व बैंक समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा अनुमान है कि नवीकरणीय ऊर्जा (सौर और पवन) ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की कुल लागत का लगभग 50% से 70% अर्थात लगभग ₹ 235 प्रति किलोग्राम है।

*****